# गुना का पंचमुखी पंचकल्याणक रचेगा इतिहास

## विश्व का पहला अद्भुत, अकल्पनीय और ऐतिहासिक होगा आयोजन : मुनिश्री सुधासागर

नवभारत न्यूज

**गुना 6 जून का। गुना जिले में जैन धर्म के इतिहास का एक ऐसा स्वर्णिम अध्याय लिखे जाने की तैयारी हो रही है, जो न केवल देश बल्कि पूरे विश्व में मिसाल बनेगा। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने शनिवार को गुना में आयोजित भव्य धर्मसभा के दौरान श्रद्धालुओं को मंगल आशीष देते हुए इस ऐतिहासिक आयोजन की घोषणा की।**




मुनिश्री ने अत्यंत हर्ष के साथ कहा कि गुना की धरा पर होने जा रहा 'पंचमुखी पंचकल्याणक' महामहोत्सव बेहद अलौकिक, विशेष और अकल्पनीय होने वाला है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आज तक देश के कोने-कोने में हजारों पंचकल्याणक महोत्सव आयोजित हुए होंगे, लेकिन गुना का यह आयोजन एक नया और अमिट इतिहास रचेगा, जिसके साक्षी यहां के समस्त श्रद्धालु बनेंगे। मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए पंचमुखी रुद्राक्ष के विशेष आध्यात्मिक महत्व और उसकी दुर्लभता का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पंचमुखी रुद्राक्ष को अत्यंत पवित्र और चमत्कारी माना जाता है, ठीक उसी तरह गुना की पावन भूमि पर आयोजित होने वाला यह पंचमुखी पंचकल्याणक भी अद्वितीय और ऐतिहासिक सिद्ध होगा। इस महामहोत्सव की सबसे बड़ी और अभूतपूर्व खासियत यह होगी कि इसमें जैन शास्त्रों और परंपराओं के अनुसार बनने वाले सभी प्रमुख पात्रों की संख्या पांच-पांच रखी जाएगी। यह जैन समाज के इतिहास में संभवत: पहला ऐसा आयोजन होगा जहां एक साथ इतनी बड़ी संख्या में मुख्य पात्रों की प्रतिष्ठा की जाएगी। इस अनूठे पंचकल्याणक की रूपरेखा साझा करते हुए मुनिश्री ने बताया कि महोत्सव में पांच सौधर्म इंद्र होंगे। इसके साथ ही पांच कुबेर, पांच यज्ञ नायक, पांच ईशान इंद्र और पांच सनत कुमार इंद्र भी पांडाल की शोभा बढ़ाएंगे। सबसे खास बात यह है कि भगवान के माता-पिता बनने का परम सौभाग्य भी किसी एक जोड़े को नहीं, बल्कि पांच अलग-अलग भाग्यशाली जोड़ों को प्राप्त होगा। इतना ही नहीं, वैराग्य की भावना को प्रदर्शित करने वाले दृश्यों में भी भव्यता पांच गुना होगी। महोत्सव के दौरान पांच भव्य नीलांजना नृत्य आयोजित होंगे, पांच दीक्षाएं संपन्न कराई जाएंगी और पांच ही अद्वितीय आहार के दृश्य जीवंत किए जाएंगे, जो उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर देंगे। इस ऐतिहासिक 'पंचमुखी पंचकल्याणक' महामहोत्सव की सूक्ष्म और विस्तृत रूपरेखा तैयार करने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। आगामी दिनों में बजरंग कमेटी के अध्यक्ष एस. के. जैन एवं मानसेवी मंत्री प्रदीप जैन, सुप्रसिद्ध पंचकल्याणक प्रतिष्ठाचार्य प्रदीप भैया के साथ सामूहिक रूप से एक पत्रकार वार्ता आयोजित करेंगे, जिसमें इस भव्य विश्वस्तरीय धार्मिक आयोजन की तिथियों, व्यवस्थाओं और विस्तृत कार्यक्रमों की आधिकारिक घोषणा आम जनता और श्रद्धालुओं के लिए जारी की जाएगी।

**मुनिश्री बोले-माला जपें और नियमित मंत्र जाप करें**

मुनिश्री ने कहा कि यह केवल गुना नगर या अंचल का नहीं, बल्कि पूरे भारतवर्ष और विश्व का कल्याण करने वाला महामहोत्सव सिद्ध होगा। इस दौरान देश के विभिन्न अंचलों से आईं सैकड़ों प्राचीन व नवीन जिन-प्रतिमाओं को सूर्य मंत्र देकर उनकी प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी, जिससे वे पूजनीय और वंदनीय बनेंगी। मुनिश्री ने इस महामहोत्सव की निर्विघ्न सफलता के लिए अभी से सभी श्रद्धालुओं को भगवान की माला जपने और नियमित रूप से विशेष मंत्र जाप शुरू करने का आह्वान किया।

**देश-प्रदेश से पहुंच रहे हैं श्रद्धालु**

निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के गुना आगमन को लेकर पूरे अंचल और जैन समाज में अभूतपूर्व उत्साह, हर्ष और भक्ति का माहौल व्याप्त है। पूज्य गुरुदेव का आशीर्वाद और पावन सानिध्य प्राप्त करने के लिए देश के कई राज्यों से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु और वीआईपी गुना पहुंच रहे हैं। गुना की धरा पर हर दिन विभिन्न समाजों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संस्थाओं द्वारा मुनिश्री की भव्य अगवानी की जा रही है, और उनके पाद प्रक्षालन कर मंगल आशीर्वाद लेने का क्रम निरंतर जारी है।

### श्रद्धालुओं को पढ़ाया धैर्य का पाठ

अपने सारगर्भित प्रवचनों के दौरान मुनिश्री ने चातक (पपीहा) पक्षी का बेहद मर्मस्पर्शी और ज्ञानवर्धक उदाहरण दिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को धैर्य का पाठ पढ़ाते हुए कहा कि पपीहा पक्षी परम धैर्यवान होता है और वह सालभर केवल स्वाति नक्षत्र की बारिश की बूंदों का इंतजार करता है। वह चाहे प्यास से तड़पकर मरने की स्थिति में क्यों न आ जाए, लेकिन कभी भी नदी, तालाब, कुएं या अन्य किसी जल स्रोत में अपनी चोंच नहीं डुबोता। यदि स्वाति नक्षत्र बिन बरसे चला जाए, तो वह पूरा साल बिना पानी के गुजार देता है। मुनिश्री ने कहा कि इसी प्रकार श्रद्धालुओं को भी धर्म और भक्ति के प्रति अडिग, निष्ठावान और धैर्यवान होना चाहिए, ताकि इस महामहोत्सव का पुण्य फल उन्हें प्राप्त हो सके। उन्होंने आयोजकों से भी कहा कि इस भव्य धार्मिक समागम में आने वाला कोई भी श्रद्धालु व्यवस्थाओं की कमी के कारण प्यासा या अतृप्त न लौटे।

## एक नजर में

### मेंटेनेंस के चलते आज चार घंटे गुल रहेगी बत्ती

**गुना।** शहर के पुराना इंडस्ट्रियल एरिया और उससे जुड़े क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को कल यानी रविवार, 7 जून को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए किए जा रहे विकास कार्यों के चलते सुबह के समय करीब चार घंटे विद्युत प्रवाह पूरी तरह बंद रहेगा। सहायक प्रबंधक, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड गुना द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, शहर के 33 केव्ही गुना, 33 केव्ही भदौरा एवं 11 केव्ही इंडस्ट्रियल फीडर पर नवीन सबस्टेशन के निर्माण का कार्य किया जाना है। इस अति-आवश्यक तकनीकी कार्य के चलते 7 जून को सुबह 08:30 बजे से लेकर दोपहर 12:30 बजे तक बिजली की कटौती की जाएगी। इस दौरान 33 केव्ही उच्चदाब कनेक्शन (पुराना इंडस्ट्रियल) और संपूर्ण पुराना इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र का विद्युत प्रवाह पूरी तरह से बाधित रहेगा।

### ओवरब्रिज से नीचे गिरी नीट की छात्रा

**गुना।** शहर में शनिवार सुबह बजरंगगढ़ ओवरब्रिज के ऊपर से नीट की छात्रा 19 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर जा गिरी। गंभीर रूप से घायल युवती करीब आधे घंटे तक पटरियों पर तड़पती रही, लेकिन शुरूआत में कोई भी उसकी मदद के लिए आगे नहीं आया। बाद में एक बुजुर्ग की पहल पर युवती को अस्पताल पहुंचाया गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार यह सनसनीखेज घटनाक्रम शनिवार सुबह करीब 7 बजे सामने आया है। युवती आरोन में पदस्थ आरक्षक की पुत्री है। वह गुना में रहकर नीट परीक्षा की तैयारी कर रही थी। शनिवार सुबह वह ओवरब्रिज पर कैसे पहुंची और वहां से नीचे कैसे गिरी, इसे लेकर अभी स्थिति साफ नहीं हो पाई है।



# जेसीआई स्पोर्ट्स फेस्ट के दूसरे दिन खेलों में दिखा उत्साह

नवभारत न्यूज

**गुना। जेसीआई गुना सेंट्रल द्वारा आयोजित 'जेसीआई स्पोर्ट्स फेस्ट 2026' का दूसरा दिन जबरदस्त उत्साह, जोश और खेल भावना के नाम रहा। स्थानीय स्तर पर आयोजित इस फेस्ट में विभिन्न रोचक और मानसिक दक्षता वाले खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें संस्था के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।**

आयोजन के दूसरे दिन रिंग थ्रो, नंबर जंबल और महिला बॉक्स क्रिकेट जैसी प्रतियोगिताएं प्रमुख आकर्षण रहीं। फेस्ट की तीनों टीमों—माधव, कृष्णा और सांवरिया—के खिलाड़ियों ने मैदान पर अपनी प्रतिभा, एकाग्रता और उत्कृष्ट टीम भावना का प्रदर्शन किया। विशेष रूप से महिला बॉक्स क्रिकेट में महिला सदस्यों का शानदार खेल देखने को मिला। वहीं, रिंग थ्रो और नंबर जंबल में प्रतिभागियों ने अपनी कुशलता दिखाई। बच्चों के लिए आयोजित 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' खेल भी विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जेसी लेडी नमिता अग्रवाल (लेडी प्रेसिडेंट) एवं जेसी लेडी संगीता बंसल (लेडी सेक्रेटरी) ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

उन्होंने खेलों को स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और आपसी सहयोग बढ़ाने का बेहतरीन माध्यम बताया। जेसीआई गुना सेंट्रल के अध्यक्ष जेसी अश्वनी अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस फेस्ट का उद्देश्य केवल जीत-हार नहीं, बल्कि सदस्यों के बीच एकता, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को मजबूत करना है। इस सफल आयोजन में चेयरमैन जेसी विवेक अग्रवाल, को-चेयरमैन जेसी दुश्यंत किरार, सचिव जेसी एकांश मंगल एवं कोषाध्यक्ष जेसी अंकित जैन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दूसरे दिन की सफलता के बाद अब आगामी मुकाबलों को लेकर सभी टीमों में उत्सुकता और बढ़ गई है।

# विशेष शिविर में पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**गुना।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर एसपी हितिका वासल के मार्गदर्शन में शनिवार को गुना पुलिस अस्पताल में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेष रूप से 45 वर्ष से अधिक आयु के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनिवार्य जांचें की गईं। दरअसल, पुलिस बल चौबीसों घंटे तनाव और कठिन परिस्थितियों में काम करता है, इसलिए उनके स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से यह पहल की गई। शिविर में जिला चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम डॉ. सोबरन राय, डॉ. संदीप कोली, डॉ. जलज वर्मा, डॉ. अन्नु कुमार आदि ने पुलिस बल का विस्तृत परीक्षण किया। इस दौरान बीपी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, ईसीजी और बीएमआई जैसी महत्वपूर्ण जांचें की गईं और आवश्यक दवाइयां बांटी गईं। एसपी हितिका वासल ने कहा कि विषम परिस्थितियों में ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों का शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहना बेहद जरूरी है। एएसपी मानसिंह ठाकुर, डीएसपी जमीलउद्दीन सिद्दीकी सहित पुलिस बल उपस्थित रहा।



# संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

### 8 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी

**गुना।** अपनी लंबित मांगों के निराकरण को लेकर प्रांतीय आह्वान पर मध्य प्रदेश के 32 हजार संविदा कर्मचारी अनिश्चित कालीन आंदोलन पर हैं। इसी कड़ी में गुना जिले में भी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल लगातार पांचवें दिन जारी रही। इस अवसर पर आंदोलित कर्मचारियों ने संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर फूल-माला अर्पित की और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपकर जोरदार प्रदर्शन किया। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष राजेश भार्गव ने बताया कि भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले चल रही इस अनिश्चितकालीन हड़ताल में संविदा कर्मियों की मुख्य मांग नियमितीकरण है। इसके अलावा 8 सूत्रीय मांगों में एनपीएस, बीमा लाभ, अन्य राज्यों की तर्ज पर 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित कर्मचारियों के समान डीए भत्ता व अवकाश, समान कार्य-समान वेतन, पीबीआई का मर्जर और शोषणकारी अप्रैजल व्यवस्था को तुरंत समाप्त करना शामिल है। कर्मचारियों ने साफ किया है कि जब तक उनकी इन जायज मांगों का निराकरण नहीं होता, आंदोलन जारी रहेगा।



प्रदर्शन के दौरान भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री सहित संघ के सभी प्रमुख पदाधिकारी और बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमला मामले में एसपी के पास पहुंचा पीड़ित परिवार



नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर के वंदना कॉन्वेंट स्कूल के पास गुरुवार को हुए जानलेवा हमले के मामले में पीड़ित परिवार शनिवार को समाज के लोगों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचा। परिजनों ने एसपी को आवेदन सौंपकर फरार आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी और सुरक्षा की गुहार लगाई है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि खुलेआम घूम रहे आरोपी लगातार उनका पीछा कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। विवाद की मुख्य वजह बमोरी स्थित एक प्लॉट है, जिसे कलेक्टर की शिकायत के बाद प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया था। इसी रंजिश में संतोष किरार, उसके बेटे सूरज और आधा दर्जन बदमाशों ने मंदिर से लौट रहे विंध्याचल कॉलोनी निवासी नरेश चौकसे को वंदना कॉन्वेंट स्कूल की घाटी के पास घेर लिया। बदमाशों ने लाठी-डंडों व लोहे के पाइपों से नरेश को बेरहमी से पीटा और उन पर कट्टा तान दिया, जिसका वीडियो भी सामने आया है। इसी बीच मुख्य मार्ग से गुजरे एक वाहन के हूटर की आवाज को पुलिस समझकर बदमाश भाग निकले। हैरान करने वाली बात यह रही कि दिनदहाड़े बीच सड़क पर हुए इस खौफनाक मंजर को वहां मौजूद करीब 100 लोग मूकदर्शक बनकर देखते रहे, लेकिन किसी ने बीच-बचाव नहीं किया। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# सिलेंडरों की कालाबाजारी कार्यवाही : जिले में 46 घरेलू गैस सिलेंडर राजसात, 1 .38 लाख जुर्माना

**गुना।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने और आम जनता को इसकी सुगम उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्री किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में जारी इस मुहिम के तहत अवैध भंडारण और व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अपर कलेक्टर अखिलेश कुमार जैन के न्यायालय द्वारा एक महत्वपूर्ण मामले में बड़ा फैसला सुनाया गया है। पारित आदेश के अनुसार, जनवरी 2026 में खाद्य विभाग के अधिकारियों द्वारा गुना के मेडिकल बगीचा और श्रीराम कॉलोनी क्षेत्र में छापेमारी की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान सतगुरु गैस एजेंसी, खैराड़ा (मधुसूदनगढ़) से संबंधित 46 घरेलू गैस सिलेंडरों को मौके से जप्त किया गया था। जांच के दौरान जब संबंधित पक्षों से इन गैस सिलेंडरों के वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वे मौके पर कोई भी बिल, बीजक या कैश मेमो प्रस्तुत करने में पूरी तरह असमर्थ रहे। इसके बाद प्रशासन द्वारा नियमानुसार नोटिस जारी कर मामले की विस्तृत सुनवाई की गई। न्यायालय में उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर 29 मई 2026 को अंतिम निर्णय पारित किया गया। इस आदेश के तहत जप्त किए गए सभी 46 घरेलू गैस सिलेंडरों को राजसात (जप्त) कर लिया गया है।

# गुना के दीपक शर्मा बने राष्ट्रीय पैरा आर्मरेसलिंग चैंपियन

**गुना। गुजरात के गांधीनगर स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में आयोजित चौथी राष्ट्रीय आर्म रेसलिंग एवं पैरा आर्मरेसलिंग चैम्पियनशिप 2026 में गुना जिले के म्याना ग्राम निवासी दीपक शर्मा ने 75 किलोग्राम वर्ग की पैरा सिटिंग कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही दीपक का चयन आगामी वर्ल्ड आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप 2026 के लिए भी हो गया है।**




पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं गुजरात आर्म रेसलिंग एसोसिएशन द्वारा 28 मई से 2 जून तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर के 1800 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। दीपक ने शुरूआत से ही दमदार खेल दिखाते हुए फाइनल में जगह बनाई और कड़े मुकाबले में तकनीक व आत्मविश्वास के दम पर तमिलनाडु के खिलाड़ी को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। दीपक की इस ऐतिहासिक जीत पर फेडरेशन की प्रेसिडेंट व फिल्म एक्ट्रेस प्रीति झांगियानी और प्रो पंजा लीग के फाउंडर व एक्टर प्रवीण डबास ने उन्हें मेडल पहनाकर सम्मानित किया। दीपक पहले भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 2 कांस्य और राष्ट्रीय स्तर पर 4 स्वर्ण पदक जीत चुके हैं। वे 'प्रो पंजा लीग' में किराक हैदराबाद टीम के रजिस्टर्ड पैरा खिलाड़ी भी रहे हैं। अपनी सफलता पर दीपक ने कहा कि यदि दिव्यांगजन आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के साथ आगे बढ़ें, तो किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकते हैं।

**समीक्षा बैठक** — जिला चिकित्सालय की सेवाओं को प्रभावी बनाने के लिए कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

# मरीजों को बेहतर उपचार और सुविधाएं सुनिश्चित करें

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिला चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, स्वच्छ और मरीज हितैषी बनाने के लिए कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने शुक्रवार शाम एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। बैठक में अस्पताल प्रबंधन, विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं और गुणवत्ता सुधार के बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने दोटूक कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएं और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अस्पताल परिसर की स्वच्छता पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने मशीनों के माध्यम से नियमित और गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अस्पताल में आने वाले 80 प्रतिशत से अधिक पात्र मरीजों का योजना के तहत पंजीयन किया जाए और उनके उपचार संबंधी क्लेम समय पर प्रस्तुत किए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने समस्त एमएलसी और पोस्टमार्टम प्रकरणों को ऑनलाइन मेडसाक्ष्य पोर्टल पर दर्ज कर सीसीटीएनएस के माध्यम से प्रेषित करने तथा लंबित मामलों का त्वरित निराकरण करने की बात कही। मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की मासिक समीक्षा कर कमियों को दूर करने के लिए सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए गए।



**राष्ट्रीय मानक:** कलेक्टर ने एनक्यूएएस, कायाकल्प और लक्ष्य जैसी राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन प्रक्रियाओं में सफलता हासिल करने के लिए अस्पताल प्रबंधन को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा। उन्होंने उपलब्ध बजट का योजनाबद्ध उपयोग कर अस्पताल के सौंदर्यीकरण पर ध्यान देने की बात कही।

**भोजन प्रबंधन पर चर्चा**

अस्पताल में मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की प्रतिदिन जांच करने की जिम्मेदारी वार्ड प्रभारी और सहायक प्रबंधक को सौंपी गई है। शासन की गाइडलाइन के अनुसार अब खाद्य सामग्री का निर्माण मशीनों के माध्यम से किया जाएगा।

**वाहन और स्टॉफ पर भी दिए निर्देश**

अस्पताल की सभी एम्बुलेंस और वाहनों को सतत क्रियाशील रखने तथा उनकी लॉगबुक का नियमित सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। वहीं ब्लड कलेक्शन सेंटर में आभा आईडी निर्माण और अन्य प्रक्रियाओं के लिए मरीजों को लंबा इंतजार न करना पड़े, इसके लिए वहां अतिरिक्त स्टाफ तैनात करने को कहा गया है।

### क्यूआर कोड से दर्ज होगा ऑनलाइन फीडबैक

जिला चिकित्सालय में रोगी संतुष्टि और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का सटीक मूल्यांकन करने के लिए 'परख एप्लीकेशन' के माध्यम से एक विशेष फीडबैक प्रणाली विकसित की गई है। सीनियर जीआईएस एग्जीक्यूटिव पूजा कुमारी द्वारा तैयार किए गए इस सिस्टम के तहत अस्पताल में क्यूआर कोड जनरेट किए गए हैं। अब उपचार के लिए आने वाले मरीज और उनके परिजन इस क्यूआर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन कर सरलता से ऑनलाइन फीडबैक फॉर्म भर सकेंगे।

# एनएफएल-विजयपुर टीम ने रोका अमेरिका गैस का रिसाव



नवभारत न्यूज

**गुना।** चंबल फर्टिलाइजर गाडेपान से जेएसडब्ल्यू नागपुर की ओर जा रहे अमोनिया रोड टैंकर में अचानक गैस रिसाव होने से हड़कंप मच गया। यह घटना नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड (एनएफएल) से लगभग 160 किलोमीटर दूर सोनकच्छ टोल प्लाजा के पास हुई, जहाँ टैंकर के फ्लैंज से अमोनिया गैस का रिसाव देखा गया। टैंकर से रिसाव की खबर मिलते ही प्रशासन ने तुरंत इसकी सूचना नेशनल फर्टिलाइजर्स लिमिटेड को दी। घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए गुना के विजयपुर स्थित एनएफएल प्लांट से आपदा प्रबंधन त्वरित प्रतिक्रिया प्रकोष्ठ की विशेष टीम को तुरंत सोनकच्छ टोल प्लाजा की ओर रवाना किया गया। एनएफएल विजयपुर की इस त्वरित प्रतिक्रिया टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर मोर्चा संभाला और बेहद ही शानदार काम करते हुए अमोनिया रोड टैंकर द्वारा निर्मित आपातकालीन स्थिति को पूरी तरह नियंत्रित किया। टीम ने जबरदस्त तकनीकी सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए गैस किट में जरूरी बदलाव किए और रिसाव को पूरी तरह से बंद करने में सफलता प्राप्त की। टीम की इस समय रहते की गई सटीक कार्रवाई से एक संभावित बड़ी दुर्घटना टल गई और पूरे क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया गया। इस पूरी घटना के दौरान राहत की बात यह रही कि किसी भी प्रकार की चोट या जान-माल की क्षति नहीं हुई।

**प्रशासन ने की एनएफएल विजयपुर प्रबंधन की सराहना**

घटनास्थल पर स्थिति को संभालने के लिए राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल और स्थानीय प्रशासन की ओर से सीहोर अनुविभागीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संकट के समय दिखाई गई इस मुस्तैदी और शानदार कार्य के लिए सीहोर अनुविभागीय अधिकारी ने आपदा प्रबंधन टीम के काम की जमकर सराहना की। इसके साथ ही प्रशासन द्वारा समय पर की गई इस त्वरित कार्रवाई के लिए एन एफ एल विजयपुर प्रबंधन का भी विशेष आभार व्यक्त किया गया।